ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 01-08-2025

बोकारो(झारखण्ड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-08-01 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

| मौसम कारक | 2025-08-02 | 2025-08-03 | 2025-08-04 | 2025-08-05 | 2025-08-06 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 21.6 | 18.1 | 15.3 | 10.6 | 4.2 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 30.9 | 31.4 | 31.1 | 31.2 | 32.2 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 25.4 | 26.0 | 25.8 | 25.5 | 25.8 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 89 | 87 | 91 | 91 | 87 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 64 | 63 | 65 | 63 | 57 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 8.6 | 7.6 | 7.4 | 3.5 | 3.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 360 | 267 | 247 | 246 | 256 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 8 | 8 | 8 | 7 | 7 |
| चेतावनी | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। तापमान में मामूली वृद्धि होने की संभावना है और हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

भारी वर्षा; गरज और बिजली, तूफान आदि; तेज सतही हवाएं

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| धान की नर्सरी, बागों, मक्का के खेतों से अतिरिक्त पानी निकाल दें। सब्जियों के पौधों को भारी बारिश से बचाने के लिए उन्हें पॉलीथीन से ढक दें। साथ ही साथ खेत में डोभा के निर्माण के माध्यम से यथास्थान संरक्षण और जल संचयन के माध्यम से वर्षा जल का प्रबंधन (निचले सिरे पर भूमि क्षेत्र के 1/10वें भाग पर) करें। जो सूखे दिनों मे फसलों की जल आपूर्ति को पूरा करने मे मदद कर सकते हैं । धान की फसल के लिए जो लोग अब तक बुआई नहीं कर पाए हैं, उन्हें कम अवधि वाली किस्मों का चयन करना चाहिए, लंबी अवधि वाली धान की किस्मों का चुनाव न करें। संक्रमण से बचने और वायु परिसंचरण में सुधार के लिए क्षतिग्रस्त, सड़ते हुए फलों और पीले/रोगग्रस्त पत्तियों को हटा दें। आने वाले दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों में सिंचाई रोक दें और जल निकासी की सुविधा रखें। मौसम साफ होने तक खाद या कीटनाशकों का छिड़काव रोक दें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| किसानों को सलाह दी जाती है कि वे कीटभक्षी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए खेत में 20-25 प्रति एकड़ की दर से Y या T आकार के लकड़ी के ब्लॉक लगाएं। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | वर्तमान मौसम की स्थिति मक्का की फसल में तना मक्खी के संक्रमण के लिए अनुकूल है, इसे नियंत्रित करने के लिए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे साफ मौसम के दौरान मिथाइल डेमेटोन @ 1 मिली / लीटर या डाइमेथोएट @ 2 मिली / लीटर पानी का छिड़काव करें। |
| रागी | मड़ुआ की फसल जो 20 से 25 दिन पुरानी है उनमे निकाई - गुड़ाई करें, इसके पश्चात 22 किलोग्राम प्रति एकड़ यूरिया का भुरकाव करे। |
| चावल | मौजूदा उच्च तापमान की स्थिति के कारण धान की नर्सरी में थ्रिप्स का प्रकोप हो सकता है। फसल को इससे बचाने के लिए फिप्रोनिल 5 एस.सी. 2 मिली/लीटर पानी या थायमेथोक्सम 0.4 ग्राम/लीटर पानी की दर से डालें। |
| चावल | जिन किसान भाइयों ने 2 से 3 सप्ताह पहले धान की रोपाई की हो वे धान में नत्रजन की शेष 50% मात्रा में से 25% नत्रजन का भुरकाव करें। शेष 25% का भुरकाव रोपाई के 6 सप्ताह बाद करें। |
| चावल | सीधी बुवाई वाले धान की फसल तीन से चार हफ़्ते की अवस्था में है। चूँकि आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है, इसलिए किसान भाई निराई गुड़ाई / खरपतवार नियंत्रण के लिए जाएँ। 35 किलो यूरिया प्रति एकड़ डालें, उसके बाद निराई-गुड़ाई करें और खाली जगहों को भरें। खाद डालते समय अतिरिक्त पानी निकाल दें और एक दिन बाद पानी को खेतों में डाल दें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| टमाटर | 15 से 20 दिन टमाटर के बिचड़े की रोपाई मुख्य खेतों में करें। कतार से कतार की दुरी 60 सेंटीमीटर तथा पौध से पौध की दुरी 40 सेंटीमीटर रखें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | वर्तमान मौसम में मवेशियों में संक्रमित रोग के लगने की आशंका बहुत ज्यादा रहती है \| अत: अपने जानवरों को खुला नहीं छोड़े तथा यह विशेष ध्यान रखें कि मवेशी बाहर का संक्रमित पानी नहीं पीने पाये |

## मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

| मुर्गी पालन | मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मुर्गी | पिछले कुछ दिनों से बार-बार होने वाली बारिश के कारण उच्च आर्द्रता के कारण पक्षियों में फंगल रोग होने की अधिक संभावना है, इसलिए पोल्ट्री कूड़े में चूना को अच्छी तरह से मिलाएँ। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | किसानों को सलाह दी जाती है कि वे टमाटर, मिर्च, प्याज और बैंगन की रोपाई के समय नाइट्रोजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा दें तथा नाइट्रोजन की शेष मात्रा 40-50 दिन बाद दें। खाद डालने से पहले जल निकासी कर लें। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| फसलों का गिरना |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| सब्जी नर्सरी को सहायता प्रदान करें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**